**SEKACHEVA LYUDMILA LEONIDOVNA**

**Recipient of the International Award for Promoting Gandhian Values Outside India - 2025**

Born: September 19, 1946

**Life and Professional Path:** Born in the Klepikovsky district of the Ryazan region, Russia in 1946, Sekacheva graduated from the Moscow College of Radio Engineering, Moscow State Institute of Radio Engineering, Electronics and Automation (MIREA) and University of Marxism-Leninism, Faculty of History and Theory of Soviet and Foreign Cinema, with a degree in art history. She worked at the All-Union Scientific Research Film and Photography Institute for 25 years and at the State Duma of the Federal Assembly of the Russian Federation for 14 years.

**Inspiration:** Sekacheva deeply views Mahatma Gandhi as her spiritual teacher and mentor, whose way of life, worldview and humanistic ideas are close to her heart and mind, as it inspires her to good deeds, actions and thoughts. Her moral compass, guide in life and work, was the wise commandment of Gandhiji: “Wherever a quarrel arises, no matter how the opponent resists, conquer him only with love, for the law of love is stronger than any law of destruction.” For 20 years, she has been trying to follow this commandment, which helps her to go through life, charging her with kind and reasonable energy, which Gandhiji shared with each person on his life path. Sekacheva expresses that she is close to Gandhiji’s spirituality, generosity & wisdom, his sincere love for his people, to whose service he devoted his entire life. For her, his humanistic philosophy is the elixir of life and harmony in the soul, thoughts, and relationships with people.

On the recommendation of the Ministry of Foreign Affairs of the Russian Federation, in 2015, she created and headed the Regional Public Organization "BRICS. World of Traditions" Russia, aimed at uniting peoples of BRICS countries with different cultures, traditions, history and mentalities. As the President of this organisation, Sekacheva Lyudmila through various initiatives of exhibition and centres, is promoting the moral philosophies of Mahatma Gandhi, Leo Tolstoy and other great thinkers within the BRICS countries. Their moral values, ideas and humanistic heritage became a spiritual impulse, a source of inspiration and a point of convergence for citizens of different countries. She works with the support of the Russian federal ministries, embassies of the BRICS countries in Russia, Russian diplomatic missions in BRICS states and governments of 15 Russian regions.

The father of the Indian nation Mahatma Gandhi and the Russian writer Leo Tolstoy, who devoted their lives, knowledge and efforts to the nonviolent liberation of the world from evil and cruelty, headed the gallery of Great Teachers, whose legacy became a significant landmark, a bright ray in a world gripped by violence. Therefore, the planned projects are primarily aimed at providing spiritual and ethical support to the people by popularizing the moral legacy of these global legends. It is also propagating other public humanistic initiatives in the light of the development of multifaceted ties between the people of Russia, India and other countries, in various fields.

Sekacheva Lyudmila, organized more than 200 projects and programmes aimed at social support of people, charitable activities for orphans, disabled children, war and labor veterans, public associations and non-profit organizations, and the promotion of moral values, ideas and commandments, formation of a kind and respectful dialogue between people of different nationalities and faiths, protection and promotion of national cultural values, development of public diplomacy and international humanitarian cooperation.

**Initiatives & Contributions:**

- Sekacheva has been -
  - Supervisor & organizer of the international culturological expedition of the cultural, educational and research exhibition Leo Tolstoy and Mahatma Gandhi: a Unique Heritage, from 2005-2015, for the purpose of patriotic and moral education of children and youth, which was shown in 12 regions of Russia, India, China, Brazil, and South Africa, dedicated to the correspondence on nonviolence between Tolstoy and Gandhi

- Author & organizer of the international social and educational project Great BRICS Teachers (2015 Russia, 2016 India, 2017 China, 2018 South Africa, 2019 Brazil), to popularize the moral ideas of the humanists Mahatma Gandhi, Confucius, Leo Tolstoy, Nelson Mandela, Baron Rio Branco
- Author & supervisor of an interregional socio-cultural programme BRICS People Choosing Life (2022 India, 2023 & 2024 Russia, 2025 Brazil, forthcoming 2026 Iran) under which 12 cultural and educational block projects were implemented with a participation of over 10,000 people.

- Eight cultural and educational centers of Great BRICS Teachers as well as Mahatma Gandhi & Leo Tolstoy centers were established on the basis of catering to the Russian and Indian schools, colleges and universities.
- This year will also mark the opening of the Great BRICS Teachers center at the premises of São Paulo College and V. G. Timiryasov Kazan Innovative University College (Republic of Tatarstan). New centers will also be opened in Iran, Egypt and South Africa.
- In St. Petersburg, Sekacheva plans to install a single monument of Gandhi and Tolstoy, shortly.

**Mission and target audience:** Sekacheva Lyudmila’s life position is to serve people, constantly making her modest contribution to Mahatma Gandhi’s work, promoting his ideas and commandments aiming to change the world and people for the better. Her target audience are children, teenagers, and young people. She constantly works in BRICS countries and educational institutions of other friendly states, to promote the philosophy of nonviolence and the ideas of Gandhi and his like-minded peer Leo Tolstoy. The centers that opened in BRICS countries cater to the younger generation’s self-education on the basis of the moral legacy left to the world by the great teachers.

**The Significance:** Today, it is necessary to remind people as much and as loudly as possible about Gandhi and his philosophical works, which are more relevant than ever. Sekacheva Lyudmila, a modest representative of public diplomacy says, `I don't have the power, wisdom and gift to convince and lead people that Gandhi had. But with my humble educational work, I try to inspire and awaken people's consciousness in a kind way, promoting the humanistic ideas of the Father of Indian nation, through my deeds and practical projects. Gandhi said, "An ounce of practice is worth tons of preaching", and together with Gandhi’s thoughts, we are moving towards a big goal with small steps!’

In 2019, during the Brazilian expedition The Great Moral Path: the Great Teachers Gandhi and Tolstoy, she developed Message to the World of the BRICS Peoples, in five BRICS languages signed by thousands of students and young representatives in their call for friendship, kindness, trust, harmony and confidence. The public diplomacy activity opened up great opportunities for building and strengthening trusted relations between people on the grounds of moral values and ethical norms. This expressed hope for the future implementation of one of the important precepts of Mahatma Gandhi to introduce the Law of Love into the Constitutions of all the countries.

**Highlights:**

| |
|---|
| Mahatma Gandhi's philosophy of non-violence has become her moral document, which, like the flag of goodness and peace, Sekacheva humbly carries to people. Her mission is to do her best to make Gandhiji’s hope come true. |

| |
|---|
| Through various initiatives of exhibition and centres, she is promoting the moral philosophies of Mahatma Gandhi, Leo Tolstoy and other great thinkers within the BRICS countries. |

| |
|---|
| To her credit, she has over 1000 publications in newspapers & magazines, with over 200 interviews on leading Russian and foreign TV channels. Since 2005, she has been the author & supervisor of the cultural and research project Parade of Russian and Indian Artistic Heritage. |

**Awards & Recognitions:**

Ministry of Foreign Affairs, Russian Federation's Honorary Badge For Cooperation
Mahatma Gandhi Foundation, South Africa's Honorary Award
State Duma, Russian Federation's Impeccable Public Service Award
Veteran of Labor Public Award

**Contact details:**

Sekacheva Lyudmila Leonidovna
President
Regional Public Organisation "BRICS. World of Traditions"
125284, Russian Federation, Moscow
Khoroshevskoe Highway, 12/1 – 283, Russia
M: +79254116878
E: bricsmt@mail.ru
W: www.bricsmt.ru

# सेकाचोवा ल्यूडमिला लियानिडोवना
## विदेशों में गांधीवादी मूल्यों के प्रसार के लिए अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्तकर्ता-2025

जन्म: सितंबर 19, 1946

**जीवन और व्यावसायिक मार्ग:** 1946 में रूस के रियाज़ान क्षेत्र के क्लेपिकोव्स्की ज़िले में जन्मी, सेकाचोवा ने मॉस्को कॉलेज ऑफ़ रेडियो इंजीनियरिंग, मॉस्को स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ़ रेडियो इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड ऑटोमेशन (एमआईआरईए) और युनिवर्सिटी ऑफ मार्क्सिज़म-लेनिनिज़म, सोवियत और विदेशी सिनेमा के इतिहास और थियरी फैकल्टी से आर्ट हिस्ट्री में डिग्री प्राप्त की है. उन्होंने ऑल-यूनियन साइंटिफिक रिसर्च फिल्म एंड फोटोग्राफी इंस्टीट्यूट में 25 वर्षों तक और स्टेट ड्यूमा ऑफ द फेडरल असेंबली ऑफ द रशियन फेडरेशन में 14 वर्षों तक कार्य किया.

**प्रेरणा:** सेकाचोवा महात्मा गांधी को अंतर्मन से अपना आध्यात्मिक गुरु और मार्गदर्शक मानती हैं, जिनकी जीवन शैली, वैश्विक दृष्टि और मानवतावादी विचारधारा उनके दिल और दिमाग के बहुत करीब हैं, क्योंकि ये उन्हें अच्छे कर्मों, गतिविधियों और विचारों के लिए प्रेरित करते हैं. उनके जीवन और कार्य को दिशा देनेवाले नैतिक सिद्धांत गांधीजी की ज्ञानपूर्ण संदेश से प्रेरित थे: "जहाँ कहीं भी विवाद खड़ा होता है, फिर चाहे विरोधी कितना भी प्रतिरोध करे, उसे केवल प्रेम से जीतें, क्योंकि प्रेम का नियम विनाश के किसी भी नियम से कहीं अधिक शक्तिशाली है." 20 वर्षों से, वह इसी संदेश का पालन करने का प्रयास कर रही हैं, जो उन्हें जीवन में आगे बढ़ने में मदद करता है, उन्हें उदारता और विवेकशीलता की ऊर्जा से भर देता है, जिसे गांधीजी ने अपने जीवन पथ पर प्रत्येक व्यक्ति के साथ साझा किया था. सेकाचोवा कहती हैं कि वह गांधीजी की आध्यात्मिकता और उनकी उदारता, उनके ज्ञान, अपने लोगों के प्रति उनके सच्चे प्रेम के अत्यंत निकट हैं, जिनकी सेवा में उन्होंने अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया. उनके लिए, गांधीजी का मानवतावादी दर्शन आत्मा, विचारों और लोगों के साथ संबंधों में जीवन और सौहार्द का अमृत है.

2015 में रशियन फेडरेशन के विदेश मंत्रालय की सिफारिश पर, उन्होंने रीजनल पब्लिक ऑर्गनाइजेशन, "ब्रिक्स. वर्ल्ड ऑफ ट्रेडिशन्स" रशिया, का निर्माण और नेतृत्व किया, जिसका उद्देश्य विभिन्न संस्कृतियों, परंपराओं, इतिहास और मानसिकता वाले ब्रिक्स देशों के लोगों को एकजुट करना था. इस संस्थान की अध्यक्षा के रूप में, सेकाचोवा ल्यूडमिला प्रदर्शनी और केंद्रों के अनेक उपक्रमों के माध्यम से, ब्रिक्स देशों में महात्मा गांधी, लियो टॉल्स्टॉय और अन्य महान विचारकों के नैतिक दर्शन को बढ़ावा दे रही हैं. उनके नैतिक मूल्य, विचार और मानवतावादी विरासत विभिन्न देशों के नागरिकों के लिए एक आध्यात्मिक चेतना, प्रेरणा स्रोत और पारस्परिक सौहार्द का बिंदु बन गए हैं. वह रूसी संघीय मंत्रालयों, रूस में ब्रिक्स देशों के दूतावासों, ब्रिक्स राज्यों में रूसी राजनयिक मिशनों और 15 रूसी क्षेत्रों की सरकारों के सहयोग से काम करती हैं.

अपना जीवन, ज्ञान और कार्यों को दुनिया से बुराई और क्रूरता से अहिंसक मुक्ति दिलाने के लिए समर्पित करने वाले भारत के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और रूसी लेखक लियो टॉल्स्टॉय, उन महान शिक्षकों की श्रृंखला में प्रमुख थे, जिनकी विरासत एक उल्लेखनीय पहचान बन गई, और हिंसा से ग्रस्त दुनिया में एक उज्ज्वल किरण बनकर उभरी. इसलिए, नियोजित प्रोजेक्ट्स का प्रमुख उद्देश्य इन वैश्विक महापुरुषों के नैतिक मूल्यों की विरासत को लोकप्रिय बनाकर लोगों को आध्यात्मिक और नैतिक समर्थन प्रदान करना है. यह रूस, भारत और अन्य देशों के लोगों के बीच विभिन्न क्षेत्रों में बहुआयामी संबंधों के विकास के प्रकाश में अन्य सार्वजनिक मानवतावादी पहलों का भी प्रचार कर रहा है.

सेकाचोवा ल्यूडमिला ने लोगों के सामाजिक समर्थन, अनाथ, विकलांग बच्चों, युद्ध और श्रम क्षेत्र के वरिष्ठों, पब्लिक असोसिएशन्स और गैर-लाभकारी संगठनों के लिए धर्मादाय गतिविधियों, नैतिक मूल्यों, विचारों और संदेशों के प्रचार, विभिन्न राष्ट्रीयताओं और संप्रदायों के लोगों के बीच एक उदारतापूर्ण और सम्मानजनक संवाद के निर्माण, राष्ट्रीय सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण और संवर्धन, सार्वजनिक कूटनीति और अंतर्राष्ट्रीय मानवीय सहयोग के विकास के उद्देश्य से 200 से अधिक प्रोजेक्ट्स और कार्यक्रमों का आयोजन किया है.

**सेकाचोवा के उपक्रम और योगदान:**

- 2005-2015 तक सांस्कृतिक, शैक्षिक और शोध प्रदर्शनी लियो टॉल्स्टॉय और महात्मा गांधी: एक अनूठी विरासत, पर अंतर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक पर्यटन की पर्यवेक्षक एवं आयोजक रही हैं, जिसका प्रयोजन बच्चों और युवाओं को देशभक्ति और नैतिक मूल्यों की शिक्षा देना रहा है, और टॉल्स्टॉय और गांधी के बीच अहिंसा पर हुए पत्राचार के लिए समर्पित इस प्रदर्शनी को रूस, भारत, चीन, ब्राज़ील और दक्षिण अफ्रीका के 12 क्षेत्रों में प्रदर्शित किया गया था.

- मानवतावादी महात्मा गांधी, कन्फ्यूशियस, लियो टॉल्स्टॉय, नेल्सन मंडेला, बैरन रियो ब्रैंको के नैतिक विचारों को लोकप्रिय बनाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक और शैक्षिक परियोजना ग्रेट ब्रिक्स टीचर्स (2015 रूस, 2016 भारत, 2017 चीन, 2018 दक्षिण अफ्रीका, 2019 ब्राज़ील) की लेखिका और आयोजक रही हैं.
- अंतरक्षेत्रीय सामाजिक-सांस्कृतिक प्रोग्राम ब्रिक्स पीपल चूज़िंग लाइफ (2022 भारत, 2023 और 2024 रूस 2025 ब्राज़ील, आगामी 2026 ईरान) की लेखिका और पर्यवेक्षक रही हैं जिसके अंतर्गत 10,000 से अधिक लोगों की प्रतिभागिता के साथ 12 सांस्कृतिक और शैक्षिक क्षेत्रों की परियोजनाओं को क्रियान्वित किया गया.
- रूसी और भारतीय स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए ग्रेट ब्रिक्स टीचर्स के आठ सांस्कृतिक और शैक्षिक केंद्रों के साथ-साथ महात्मा गांधी और लियो टॉल्स्टॉय सेंटर्स की स्थापना की गई.
- इस वर्ष साओ पाउलो कॉलेज और वी. जी. तिमिर्यासोव कज़ान इन्नोवेटिव युनिवर्सिटी कॉलेज (रिपब्लिक ऑफ तातारस्तान) के परिसर में ग्रेट ब्रिक्स टीचर्स सेंटर का भी उद्घाटन होगा. ईरान, मिस्र (इजिप्ट) और दक्षिण अफ्रीका में भी नए केंद्र खोले जाएँगे.
- सेंट पीटर्सबर्ग में, जल्द ही गांधी और टॉल्स्टॉय का एक स्मारक स्थापित करने की योजना बना रही हैं.

**मिशन और लक्ष्य दर्शक:** सेकाचोवा ल्यूडमिला के जीवन का उद्देश्य लोगों की सेवा करना है, जो महात्मा गांधी के कार्यों में निरंतर अपना छोटा-मोटा योगदान दे रही हैं, उनके विचारों और संदेशों को प्रचारित करती हैं, जिसका उद्देश्य दुनिया और लोगों को बेहतर बनाना है. उनके लक्ष्य वर्ग में बच्चे, किशोर और युवा शामिल हैं. वह अहिंसा के दर्शन और गांधी और उनके समान विचारधारा वाले लियो टॉल्स्टॉय के विचारों को बढ़ावा देने के लिए ब्रिक्स देशों और अन्य मित्र देशों के शैक्षिक संस्थानों में निरंतर कार्य कर रही हैं. ब्रिक्स देशों में खोले गए ये केंद्र महान शिक्षकों द्वारा दुनिया को दी गई नैतिक मूल्यों की विरासत के आधार पर युवा पीढ़ी की स्व-शिक्षा को बढ़ावा देते हैं.

**महत्व:** आज, लोगों को गांधी और उनके दार्शनिक कार्यों के बारे में जितना संभव हो उतना ज़ोर-शोर से याद दिलाना ज़रूरी है, जो पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हैं. लोक कूटनीति की एक उदार प्रतिनिधि सेकाचोवा ल्यूडमिला कहती हैं,"मुझमें लोगों को समझाने और उनका नेतृत्व करने की वह शक्ति, बुद्धि और प्रतिभा नहीं है जो गांधी के पास थी. लेकिन अपने विनम्र शैक्षिक कार्य के साथ, मैं अपने कार्यों और व्यावहारिक परियोजनाओं के माध्यम से, भारत के राष्ट्रपिता के मानवतावादी विचारों को बढ़ावा देते हुए, उदारता से लोगों की चेतना को प्रेरित और जागृत करने का प्रयास कर रही हूँ." गांधीजी ने कहा था, "एक रत्ती भी अभ्यास करना मन भर उपदेशों के बराबर होता है", और गांधीजी के विचारों के साथ, हम छोटे-छोटे कदमों से एक बड़े लक्ष्य की ओर बढ़ रहे हैं!

वर्ष 2019 में, ब्राज़ीलियाई अभियान *द ग्रेट मोरल पाथ: द ग्रेट टीचर्स गांधी एंड टॉल्स्टॉय* के दौरान, उन्होंने ब्रिक्स लोगों के विश्व के लिए संदेश तैयार किया, जिसे पाँच ब्रिक्स भाषाओं में लिखा गया था और जिस पर हज़ारों छात्रों और युवा प्रतिनिधियों ने मित्रता, दया, विश्वास, सद्भाव और आत्मविश्वास का आह्वान किया था. इस सार्वजनिक कूटनीतिक गतिविधि ने नैतिक मूल्यों और नैतिक मानदंडों के आधार पर लोगों के बीच विश्वासपूर्ण संबंधों के निर्माण और दृढ़ीकरण के शानदार अवसरों के द्वार खोले. इसने महात्मा गांधी के एक महत्वपूर्ण सिद्धांत, प्रेम के नियम को सभी देशों के संविधानों में शामिल करते हुए भविष्य में उसके कार्यान्वयन की आशा व्यक्त की.

महात्मा गांधी का अहिंसा का दर्शन उनका नैतिक दस्तावेज़ बन गया है, जिसे सेकाचेवा, अच्छाई और शांति के ध्वज की तरह, विनम्रतापूर्वक लोगों तक पहुँचाती हैं. उनका मिशन गांधीजी के सपनों को साकार करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करना है.

प्रदर्शनी और केंद्रों की विभिन्न पहलों के माध्यम से, वह ब्रिक्स देशों में महात्मा गांधी, लियो टॉल्स्टॉय और अन्य महान विचारकों के नैतिक दर्शन को बढ़ावा दे रही हैं.

समाचार पत्रों और पत्रिकाओं में उनके 1000 से ज़्यादा लेख प्रकाशित हो चुके हैं, और प्रमुख रूसी और विदेशी टीवी चैनलों पर 200 से ज़्यादा साक्षात्कार भी हो चुके हैं. 2005 से, वह रूसी और भारतीय कलात्मक विरासत की परेड (परेड ऑफ रशियन एंड इंडियन आर्टिस्टिक हेरिटेज) नामक सांस्कृतिक और शोध परियोजना की लेखिका और पर्यवेक्षक रही हैं.

**पुरस्कार एवं सम्मान:**

सहयोग के लिए विदेश मंत्रालय, रशियन फेडरेशन का मानद बैज

महात्मा गांधी फाउण्डेशन, दक्षिण अफ्रीका का मानद पुरस्कार

स्टेट ड्यूमा, रशियन फेडरेशन का इम्पेक्केबल पब्लिक सर्विस अवॉर्ड
वेटरन ऑफ लेबर पब्लिक अवॉर्ड

**संपर्क विवरण:**
सेकाचोवा ल्यूडमिला लियानिडोवना
अध्यक्ष
रीजनल पब्लिक ऑर्गनाइजेशन ' ब्रिक्स. वर्ल्ड ऑफ ट्रेडिशन्स'
125284, रशियन फेडरेशन, मास्को
खोरोशेवस्को हाईवे, 12/1 -283, रूस
मोबाइल: +79254116878
ई–मेल: bricsmt@mail.ru
वेबसाइट: www.bricsmt.ru